संक्षिप्त समाचार

मूर्तिकार अरुण योगीराज ने रामलला की अनदेखी तस्वीर की साझा

नई दिल्ली, 25 फरवरी (ए)। राम मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान रामलला में जान फूंकने वाले मूर्तिकार अरुण योगीराज ने आज मूर्ति की एक अनदेखी तस्वीर साझा की है। योगीराज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की, जो अब इंटरनेट पर वायरल है। यह तस्वीर तब की है जब वह 22 जनवरी को हुए प्रतिष्ठा समारोह से पहले मूर्ति को तराशने का काम कर रहे थे। योगीराज ने कहा कि जब मूर्ति को तराशने का काम प्रगति पर था तो अनुपात और समरूपता के बारे में आश्वस्त महसूस करने के बाद भी मुझे लग रहा था कि मेरे संवेदनशील स्पर्श से रामलला के बनने पर अंतिम परिणाम में बड़ा अंतर दिखने वाला है। योगीराज की पोस्ट को दो घंटे में ही हजारों लाइक मिल गए हैं। पोस्ट को अब तक 56,000 से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं और संख्या बढ़ती जा रही है। इस पोस्ट ने लोगों के ढेरों कमेंट्स भी पाए हैं।मूर्तिकार की पोस्ट पर एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा, ÷बहुत बढ़िया काम, आप पर मुझे बहुत गर्व है। दूसरे ने कहा कि यह बहुत सुंदर है। वहीं, तीसरे ने कहा, बहुत अच्छा काम सर।

सीतारमण ने मुंबई लोकल में किया सफर, वित्त मंत्री को देख उत्सुक लोगों ने खींची सेल्फी

मुंबई25 फरवरी (ए)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मुंबई की जीवन रेखा कही जानी वाली मुंबई लोकल ट्रेन में सफर किया। उन्होंने मुंबई के घाटकोपर से ठाणे के कल्याण तक लोकल ट्रेन में यात्रा की। 30 किलोमीटर की यात्रा के दौरान उन्होंने साथी यात्रियों से बातचीत भी की।

साथी यात्रियों ने ली सेल्फी वित्त मंत्री को अपने साथ में देखकर लोग काफी उत्सुक दिखे। कई लोगों ने सीतारमण के साथ सेल्फी भी ली और वो बातचीत करते भी दिखे। बिड़ला इंस्टीट्यूट के परिसर का किया उद्घाटन इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बिड़ला इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड साइंस (बिट्स) पिलानी के पांचवें परिसर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही इस संस्थान में प्रबंधन और डिजाइन का पाठ्यक्रम भी शामिल हो गया है। संस्थान के ग्रुप चेयरमैन और चांसलर कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, कल्याण क्षेत्र में स्थित यह परिसर 60 एकड़ में फैला है। इस परिसर की पूरी क्षमता 5,000 छात्रों की है। साल 1964 में राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र में बिड़ला के पैतृक गांव पिलानी में शुरू हुए इस संस्थान के पांच परिसरों- पिलानी, गोवा, हैदराबाद, दुबई और कल्याण में 80,000 छात्र पढ़ते हैं।

कुत्ते के भौंकने का विरोध करना पड़ा भारी, मालिक ने ऑटो चालक को कटवाया

नई दिल्ली, 25 फरवरी (ए)। दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में 15 फरवरी को एक व्यक्ति ने ऑटो चालक को सिर्फ इसलिए पीट दिया कि उसने उनके कुत्ते के भौंकने का विरोध किया था। इसके बाद आरोपी ने पालतू कुत्ते से उसके हाथ और पैर में कटवाया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित बीरमांनद परिवार के साथ आया नगर इलाके में रहता है। वह ऑटो चलाकर परिवार का भारण पोषण करता है। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि 15 फरवरी की दोपहर करीब 12ः35 बजे वह पार्किंग के पास अपने ऑटो को लेने के लिए पैदल जा रहा था। इलाके में रहने वाला जीवन ज्योति घर के बाहर कुत्ते को घुमा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि कुत्ता उन्हें देखकर भौंकने लगा, जिस पर उन्होंने विरोध किया और कुत्ते को बांधकर रखने के लिए कहा। इस पर जीवन नाराज हो गया और पीड़ित

यह टीएमसी की तालिबानी मानसिकता और संस्कृति है... भाजपा नेता पूनावाला ने मालदा में दुष्कर्म की घटना का किया दावा

नई दिल्ली, 25 फरवरी (ए)। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तीखा हमला बोला। संदेशखाली में कथित भयावह घटनाओं पर विवाद के बीच पूनावाला ने मालदा जिले में एक दुष्कर्म की घटना का दावा किया है। पूनावाला ने × (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में दावा करते हुए लिखा संदेशखाली हो या मालदा, बंगाल में कोई भी महिला सुरक्षित नहीं है। क्रूर दुष्कर्म और हत्या के एक अन्य मामले में, नौवीं कक्षा की एक आदिवासी छात्रा, ओल्ड मालदा विधानसभा के भाबुक गांव में एक ईंट भट्टे में, चेहरे को कुचले जाने के साथ बेजान पाई गई थी। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि दुष्कर्मियों को बचाया जा रहा है, जिलों में इसी तरह की घटनाएं हुई हैं। भाजपा नेता ने पोस्ट में लिखा मालदा में यह पहला ऐसा मामला नहीं है। हाल ही में दुष्कर्म और हत्या के बाद 25 वर्षीय महिला का अर्धनग्न शव मिला था। पोस्ट में कहा गया कि बंगाल में ऐसी कई घटनाएं हो रही हैं, लेकिन शाहजहां और दुष्कर्मियों को संरक्षण दिया जा रहा है और जो लोग इसके

खिलाफ बोलते हैं, उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है! यह तालिबानी मानसिकता और संस्कृति (टीएमसी) है। इस बीच, टीएमसी का एक प्रतिनिधिमंडल संदेशखाली में स्थानीय लोगों से मिलने पहुंचे। टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल के मंत्री सुजीत बोस ने कहा, हम स्थिति का जायजा लेने के लिए यहां आए हैं। आगजनी की एक घटना के संबंध में कुछ काम चल रहा है। हम इसकी निगरानी करने के लिए यहां हैं और इसके बाद आपको और जानकारी देंगे।

सीपीआई (एम) नेता मिनाक्षी मुखर्जी ने भी दिन की शुरुआत में उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में पीड़ितों से मुलाकात की। हालांकि, बाद में उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें जिले में जाने से रोक दिया था। घटना के बाद, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम ने उत्तर 24 परगना द्वीपों में हिंसा की घटनाओं की स्पॉट-इंक्वायरी के माध्यम से तथ्यों का पता लगाने और पीड़ितों से मिलने के लिए संदेशखाली का दौरा किया। आयोग ने पाया है कि संदेशखाली में हाल की घटनाएं, जैसा कि विभिन्न प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में रिपोर्ट किया गया है, अंतरात्मा को झकझोर देने वाली, प्रथम दृष्टया मानवाधिकारों के उल्लंघन का संकेत देती है। साथ ही, एनएचआरसी ने डीजीपी को नोटिस जारी कर संदेशखाली में एक समाचार चैनल के पत्रकार को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के मामले में दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। आयोग ने अपने डीआइजी (जांच) को टेलीफोन द्वारा तथ्यों का पता लगाने और एक सप्ताह के भीतर आयोग को अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने के लिए भी कहा।

जांच में दांत से मृतक की पहचान, बालासोर ट्रेन हादसे में मरे 81 लोगों की शिनाख्त में निभाया अहम रोल

नई दिल्ली, 25 फरवरी (ए)। क्षत-विक्षत शव से लेकर हादसों में मरने वालों की पहचान और आपराधिक मामलों में दांत, जबड़े और दांत काटने के निशान व्यक्ति की पहचान में मददगार साबित हो रहे हैं। यह जानकारी शनिवार को सफदरजंग अस्पताल में फोरेंसिक ओडोंटलॉजी के विषय पर आयोजित सम्मेलन में डॉक्टरों ने दी। इस सम्मेलन में देशभर के 35 मेडिकल और डेंटल कॉलेज के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिसमें फोरेंसिक साइंस विभाग और फोरेंसिक ओडोंटोलॉजी विभाग के डॉक्टर शामिल हुए। सम्मेलन में फोरेंसिक जांच में दांत व जबड़े के महत्व और फोरेंसिक जांच में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी को लेकर चर्चा की गई। इस सम्मेलन का आयोजन सफदरजंग अस्पताल, एम्स और मौलाना आजाद दंत विज्ञान संस्थान के सहयोग से किया गया। जिसमें वक्ताओं ने बताया कि कई बड़ी घटनाओं में दांत व जबड़े के डीएनए से हादसा पीड़ितों व आरोपियों की पहचान कर साक्ष्य जुटाने में सहयोग मिला है। सम्मेलन के अध्यक्ष और सफदरजंग अस्पताल के फोरेंसिक विभाग के अध्यक्ष डॉ.सर्वेश टंडन ने बताया कि अभी तक दोनों विभाग अलग-अलग काम कर रहे हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य दोनों विभागों को एक मंच पर लाकर एक साथ काम को बढ़ावा देना है। इससे पुलिस को आपराधिक मामलों और आरोपियों की पहचान में मदद मिलेगी। आपदाओं में फोरेंसिक ओडोंटोलॉजी बहुत मददगार साबित होती है। प्रोफेसर डॉ. चितरंजन बेहराने ने बताया कि ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे में शवों को पहचाने में दिक्कत आने पर बालासोर ट्रेन हादसे के 81 मृतकों के दांत और जबड़े के सैंपल लेकर डीएनए प्रोफाइलिंग की गई थी।

बैक गियर में 2 किमी तक कार दौड़ने वाला गिरफ्तार, 6 साल पुराने डर से हुआ था फरार

नई दिल्ली, 25 फरवरी (ए)।
गाजियाबाद में हिंडन एलिवेटेड सड़क पर बैक गियर में 2 किलोमीटर तक कार दौड़ाकर पुलिस को छकाने वाले आरोपी कार चालक को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी की पहचान गोविंदपुरम निवासी कुलदीप शर्मा के रूप में हुई है। घटना के दौरान आरोपी कौशांबी में एक डॉक्टर के पास जा रहा था। आरोपी का कहना है कि वह पूर्व में दर्ज एक मुकदमे में पकड़े जाने के डर से भाग रहा था। बुधवार रात से एलिवेटेड सड़क का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में दिख रहा था कि एक आई-20 कार चालक बैक गियर में तेजी से कार दौड़ा रहा है और पुलिस की पीसीआर पर तैनात पुलिसकर्मी कार को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान कार एलिवेटेड सड़क पर सही दिशा में जा रही 10 चार पहिया और चार दो पहिया वाहनों से टकराने से बची थी। किसी बड़े हादसे की आशंका के चलते पुलिसकर्मियों ने कार चालक को जैसे ही थोड़ी राहत दी, वैसे ही वह मौका मिलते ही कार लेकर यूपी गेट की तरफ से फरार हो गया था।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी पुलिस को घेरा था। पुलिस की तीन टीमें लगातार आरोपी की तलाश में लगी थीं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह गोविंदपुरम की एसजी बैनीफिट सोसाइटी में रहता है। उसकी कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। डॉक्टर के पास जा रहा था आरोपी ¯ पूछताछ में कुलदीप ने बताया कि वह बुधवार रात को अपने घर गोविंदपुरम से कार लेकर चला था। इस दौरान वह राजनगर एक्सटेंशन में अपने एक जानकार वकील से मिला था। इसके बाद वह कौशांबी स्थित एक डॉक्टर के पास जा रहा था।

आरोपी ने बताया कि कई साल पहले शाहबेरी में एक इमारत गिरी थी, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। उसने भी वहां एक अन्य इमारत में फ्लैट खरीदा था, लेकिन हादसे के बाद जिस इमारत में उसने फ्लैट खरीदा था, प्रशासन ने उसे सील कर दिया था। इमारत सील होने पर जिस बिल्डर से फ्लैट खरीदा था, उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। कुलदीप ने बताया कि उसे लगा कि बिल्डर ने उसे पकड़ने के लिए बदमाश भेजे हैं। बाद में पुलिस की गाड़ी की पहचान हुई तो डर की वजह से भाग गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना के वक्त गाड़ी में कुलदीप की वृद्ध मां भी सवार थीं। कुलदीप की मां उसे लगातार गाड़ी रोकने के लिए बोलती रहीं, लेकिन उसने उनकी भी परवाह नहीं की। वह बैक गियर में कार दौड़ाता रहा। इतना ही नहीं, गाड़ी को बैक गियर में दौड़ाते समय उसकी गाड़ी पीछे आ रहे कई वाहनों से भी टकराई थी।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि मामले में पीसीआर पर तैनात पुलिसकर्मियों की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिसकर्मियों से भी इस बारे में पूछताछ की जाएगी और पता लगाया जाएगा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी कि उन्हें भी रॉन्ग साइड सरकारी वाहन लेकर भागना पड़ा। ऐसे में यदि कोई बड़ा हादसा हो जाता तो कौन जिम्मेदार होता। पुलिस ने बताया कि श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान आरोपी ने क्षेत्र में अपने पोस्टर लगाए थे। उसने खुद को वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी लिखवाया था। घटना के दौरान आरोपी की कार पर पार्टी का झंडा भी लगा था, जिसे उसने घर जाकर उतार कर रख दिया था। पार्टी के झंडे को भी पुलिस ने बरामद कर लिया।

दिल्ली में स्कूल ने नहीं दिया एडमिट कार्ड, छात्र ने दी जान, परिजनों का विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली, 25 फरवरी (ए)। अधिकारियों द्वारा परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड देने से इनकार करने से कथित तौर पर एक छात्र ने फांसी लगा ली। छात्र के परिजनों एवं अन्य नागरिकों ने शनिवार को आर्मी पब्लिक स्कूल, शंकर विहार के पास विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने प्रिंसिपल को हटाने की मांग की। 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने दक्षिण पश्चिम दिल्ली के शंकर विहार इलाके में अपने घर में कथित तौर पर छत से लटक कर आत्महत्या कर ली। छात्र के चाचा कृष्ण कुमार ने कहा कि पीड़ित का परिवार चाहता है कि अधिकारी स्कूल के प्रिंसिपल को बर्खास्त कर दें।

छात्र के चाचा कृष्ण कुमार ने बताया कि शनिवार को हमने आर्मी पब्लिक स्कूल से ब्रिगेडियर के आवास तक एक मार्च निकाला और उनसे मांग की कि प्रिंसिपल को उनके पद से हटाया जाए और उन्हें हमारे सामने पेश किया जाए। मार्च में कई लोग शामिल हुए। हमने अपना बच्चा खो दिया है। हम चाहते हैं कि भविष्य में स्कूल के किसी भी छात्र के साथ ऐसी कोई स्थिति ना हो। मां अपने एडमिट कार्ड के लिए स्कूल गई तो प्रिंसिपल ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने स्कूल प्रशासन पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया। पुलिस ने छात्र के पिता की शिकायत पर आर्मी पब्लिक स्कूल, शंकर विहार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। छात्र के परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके बेटे को स्कूल प्रशासन द्वारा परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र देने से इनकार कर दिया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को वसंत विहार पुलिस स्टेशन में दी गई शिकायत में लड़के के पिता ने आरोप लगाया कि स्कूल में कुर्सी तोड़ने के लिए उनके बेटे को भारी जुर्माना भरने को कहा गया था।

दिल्ली में सोमवार को फिर से बारिश होगी

नई दिल्ली, 25 फरवरी (ए)।राजधानी दिल्ली में फरवरी के महीने में सुबह-शाम की ठंडक लगातार बनी हुई है। फरवरी के अंतिम सप्ताह में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से कम बना हुआ है। हालांकि एक मार्च से मौसम में गर्माहट आने लगेगी। मौसम विभाग के अनुसार, एक मार्च को अधिकतम तापमान 30 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तक पहुंच जाएगा। सोमवार को राजधानी में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना भी जताई गई है।

शनिवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले कुछ दिनों में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। दिल्ली में हवा की रफ्तार भी 6 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी। इसके चलते सुबह-शाम को हल्की ठंड बनी रहेगी।

दिल्ली में बीते तीन दिनों से प्रदूषण मध्यम श्रेणी में बना हुआ है और अगले तीन दिन इसके मध्यम श्रेणी में ही बने रहने का अनुमान है। प्रदूषण में आई कमी के चलते पहले ही ग्रैप के दूसरे चरण की पाबंदियों को हटाया जा चुका है, अगर हवा इसी तरह साफ रही तो जल्द ही ग्रैप को हटाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, राजधानी में शुक्रवार के मुकाबले प्रदूषण में शनिवार को हल्की बढ़ोतरी हुई। शुक्रवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 142 अंकों पर था। शनिवार को यह 192 अंक दर्ज किया गया। हवा की धीमी रफ्तार होने के कारण एक्यूआई बढ़ा। शनिवार को दिल्ली के किसी भी इलाके में हवा बेहद खराब श्रेणी में नहीं रही। एनएसआईटी द्वारका सबसे प्रदूषित क्षेत्र रहा जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 257 दर्ज किया गया।

पूर्व पीएम का दावा- 2008-09 में शांति का ऐतिहासिक अवसर था, लेकिन हमास के कारण सब बर्बाद हो गया

तेल अवीव,25 फरवरी (ए)।
इस्राइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद ओलमर्ट ने इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच एक दावा किया है। पूर्व पीएम का कहना है कि 2008 के गाजा युद्धविराम के बाद इजरायल और फलस्तीन ने शांति का एक ऐतिहासिक अवसर गंवा दिया था। उन्होंने शांति स्थापति करने में मिली असफलता का कारण हमास के हमलों को बताया। गौरतलब है कि इस्राइल और हमास के बीच सात अक्तूबर से युद्ध जारी है, जब हमास ने इस्राइल पांच हजार से अधिक मिसाइलें दागीं थीं।

फर्स्टपोस्ट डिफेंस समिट- 2024 में शामिल हुए पूर्व पीएम ने कहा कि हमास के अनचाहे हमले के कारण हमने शांति का मौका गंवा दिया था। 2005 में मैं जब इस्राइल का उप प्रधानमंत्री बना तो गाजा अलग था। हमने गाजा में एक सेंटीमीटर भी कब्जा नहीं किया। हम गाजा से बाहर निकल आए। लेकिन हमास ने हमारे निकलते ही इस्राइली टाउनशिपों पर रॉकेट दागने शुरू कर दिए, जो अब भी जारी है। इसी वजह से इस्राइल को जवाबी कार्रवाई करना पड़ा।

ओलमर्ट ने आगे कहा कि 2008 और 2009 का समय था, जब इस्राइल और फलस्तीनियों के बीच संघर्ष खत्म हो सकता था। उस वक्त मैं प्रधानमंत्री था। मैंने शांति योजना के लिए फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास को दो राज्य समाधान का प्रस्ताव दिया था। इस्राइल की ओर से आधिकारिक रूप से यह प्रस्ताव मैंने दिया था। दो राज्य समाधान में सीमाओं का बंटवारा 1967 के आधार पर था। प्रस्ताव में अरब की तरफ वाला यरूशलम फलस्तीन की राजधानी के रूप में प्रस्तावित थी। लेकिन फलस्तीनी प्रधिकरण प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर पाया। शरणार्थी मुद्दा भी सुलझाने के लिए प्रस्ताव था, जिसे अरब लीग ने स्वीकार कर लिया था। लेकिन इसे भी फलस्तीनी स्वीकार नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि इसी वजह से देखिए आज क्या हालात है। हम कैसे शांति बहाल करें।

यूएस-ब्रिटेन ने 6 देशों के समर्थन से हूती विद्रोहियों के खिलाफ की स्ट्राइक, 18 ठिकानों को किया तबाह

वॉशिंगटन 25 फरवरी (ए)।
अमेरिका और ब्रिटिश सेना द्वारा हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर स्ट्राइक की है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने ये कार्रवाई लाल लागर और अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमले के जवाब में की है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने शनिवार को यमन में एक दर्जन से अधिक हूती ठिकानों को तबाह किया है। अमेरिका ने यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि ये सैन्य कार्रवाई यमन में आठ स्थानों पर की गई है, जिसमें हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों को तबाह किया गया है। इनमें भूमिगत हथियार और मिसाइल भंडारण सुविधाएं, वायु रक्षा प्रणाली, रडार और एक हेलीकॉप्टर शामिल थे।

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि हमले का मकसद ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की ताकत को और कम करना है। ऑस्टिन ने कहा कि हम हूतियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी देता चाहते हैं कि अगर उन्होंने अपने अवैध हमलों को नहीं रोका तो उनके खिलाफ आगे भी ऐसी ही सैन्य कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि अमेरिका और ब्रिटिश सेना की इस कार्रवाई को ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड का समर्थन मिला है। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित समाचार एजेंसी अल मसीरा टीवी ने शनिवार को कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने राजधानी सना में सिलसिलेवार हमले किए हैं।

1 शेयर पर 2 बोनस शेयर दे रही है कंपनी

नई दिल्ली, 25 फरवरी (ए)। बोनस शेयर पर दांव लगाने वाले निवेशक ध्यान दें। इस हफ्ते शेयर बाजार में डी आर सी सिस्टम्स लिमिटेड एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करने जा रहा है। कंपनी ने कहा है कि योग्य निवेशकों को 1 शेयर पर 2 बोनस शेयर दिया जाएगा। निवेशेकों के नजरिए से अच्छी बात यह है कि कंपनी के शेयरों का भाव 100 रुपये से कम का है। डी आर सी सिस्टम्स लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 2 शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। कंपनी ने इस बोनस इश्यू के लिए 27 फरवरी की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में इस दिन रहेगा उन्हें ही बोनस शेयर का लाभ मिलेगा। कंपनी इससे पहले 2022 में सुर्खियों में थी। कंपनी मार्च 2023 में एक्स-स्प्लिट स्टॉक के तौर पर ट्रेड की थी। तब कंपनी ने 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले शेयरों को 10 हिस्सों में बांट दिया था। जिसके बाद फेस वैल्यू 1 रुपये प्रति शेयर हो गई थी। डी आर सी सिस्टम्स लिमिटेड के शेयरों का भाव शुक्रवार को बीएसई में बाजार बंद होने के समय पर 67 रुपये पर था। 20 और 21 फरवरी को कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लगा था। पिछले एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 112 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, 6 महीने से स्टॉक को होल्ड करने वाले इंवेस्टर्स ने अबतक 68 प्रतिशत बनाया है। निवेशकों के नजरिए से अच्छी बात यह है कि कंपनी के शेयरों की कीमतों में 1 महीने के दौरान 16 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। शेयर बाजारों में कंपनी का 52 वीक हाई 71.15 रुपये और 52 वीक लो लेवल 27.66 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का मार्केट कैप 295.84 करोड़ रुपये का है।

बायूज में बढ़ेगा और विवाद! बायूज रवीद्रंन ने ईजीएम के फैसले को बताया गलत, कहा 'मैं ही सीईओ

नई दिल्ली, 25 फरवरी (ए)। एक वक्त ऐसा था जब भारत की स्टार्टअप की दुनिया में बायूज का नाम उदाहरण के तौर पर पेश किया जाता था। लेकिन एक ही झटके में कंपनी अर्श से सीधा फर्श पर आ गई है। हर रोज इस कंपनी को लेकर विवाद की नई खबरें बाजार में तैरने लगती हैं। शुक्रवार को बायूज की ईजीएम हुई। इस मीटिंग में निवेशकों (शेयर होल्डर्स) ने बायूज के संस्थापक बायूज रवीद्रंन और उनकी फैमली को बाहर करने के पक्ष में वोट किया। इस फैसले के आने के बाद बायूज रवीद्रंन ने कंपनी के कर्मचारियों के नाम एक पत्र लिखा। उसमें उन्होंने लिखा है कि वो कंपनी के सीईओ बने रहेंगे। साथ ही मैनेजमेंट में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। उनके इस लेटर के आने के बाद एक बात तो साफ हो गई है कि आने वाले समय में बायूज रविन्द्रन और कंपनी के निवेशकों के बीच तकरार बढ़ने वाली है। कर्मचारियों को लिखे लेटर में रवीद्रंन ने कहा है कि ईजीएम के दौरान कई नियमों को तोड़ा गया है। वो लिखते हैं,

नियमों के अनुसार यह मीटिंग नहीं हुई है। इसीलिए जो कुछ भी फैसला उस मीटिंग में हुआ है वो मान्य नहीं है। बता दें, इस मीटिंग में बायूज रवीद्रंन और उनका परिवार शामिल नहीं हुआ था। बायूज रवीद्रंन ने लेटर में लिखा है, मैं कंपनी का सीईओ बना रहूंगा। ये आपने जो कुछ मीडिया में पढ़ा होगा उसके विपरीत है। साथ ही मैनेजमेंट भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। बोर्ड भी वही रहेगा। वो लिखते हैं कि किसी भी प्रस्ताव को पारित करने के लिए एक फाउंडर डायरेक्टर का मीटिंग में होना जरूरी है।

परिवार रहा मीटिंग से दूर

उन्होंने कहा कि इस मीटिंग में सिर्फ एक स्मॉल ग्रुप ही इकट्ठा था। वो लिखते हैं, 170 शेयर होल्डर्स में से मात्र 35 ही इस मीटिंग में उपस्थित रहे। जोकि साफ दर्शाता है कि इस गैरजरूरी मीटिंग को बहुत ही सीमित समर्थन प्राप्त है। बता दें, ईजीएम को बुलाने वाले लोगों में 6 निवेशक शामिल थे। जिनके पास कंपनी का 32 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, बोर्ड के सदस्यों में रवीद्रंन बायूज, उनकी पत्नी और भाई ही इस मीटिंग से दूर रहे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार बायूज के 60 प्रतिशत निवेशकों ने 7 प्रस्तावों के पक्ष में वोट किया है। इन 7 प्रस्तावों में मौजूदा मैनेजमेंट का हटाने का भी मामला शामिल है।